**Samyak**
An Institute For Civil Services

# DAILY CURRENT AFFAIRS

**USEFUL FOR RAS & OTHER COMPETITIVE EXAMS**

Date
11/04/2025



## राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन (NCMM) – 2025

- NCMM – National Critical Mineral Mission
- उद्देश्य – ऐसी आधुनिक तकनीकों के लिए आवश्यक खनिज संसाधनों की आपूर्ति सुनिश्चित करना है, जैसे – सौर पैनल, पवन टर्बाइन, इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी भंडारण।
- संचालन – भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (GSI) के नेतृत्व में खनन मंत्रालय द्वारा।
- महत्वपूर्ण खनिजों की पहचान –
  - 2022 में गठित एक विशेषज्ञ समिति ने 30 महत्वपूर्ण खनिजों को सूचीबद्ध किया।
  - 24 खनिज – MMDR अधिनियम, 1957 की अनुसूची – I के भाग D में शामिल हैं।
  - इसमें लिथियम, कोबाल्ट, रेयर अर्थ एलिमेंट्स, निकल टंगस्टन शामिल हैं।

## राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस

- प्रतिवर्ष – 11 अप्रैल को (कस्तूरबा गांधी की जयंती) मनाया जाता है।
- 2025 की थीम – 'स्वस्थ शुरुआतें, आशावान भविष्य'।

## दुनिया का पहला 3D – प्रिंटेड रेलवे स्टेशन

- वेस्ट जापान रेलवे कंपनी (JR वेस्ट) ने जापान के वाकायामा प्रीफेक्चर स्थित अरिदा सिटी में 6 घंटे से भी कम समय में हात्सुशिमा स्टेशन का निर्माण किया है।
- इसमें जापानी कंपनी Serendix द्वारा विकसित पूर्वनिर्मित 3D प्रिंटेड घटकों का उपयोग किया गया।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू स्लोवाकिया में मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित

- यह सम्मान उन्हें स्लोवाकिया और पुर्तगाल की चार दिवसीय राजकीय यात्रा के दौरान, कॉन्स्टैंटाइन द फिलॉसॉफर यूनिवर्सिटी, नित्रा, स्लोवाकिया द्वारा प्रदान किया गया।

## रुद्राक्ष पाटिल और आर्या बोरसे ने ISSF विश्व कप 2025 में रजत पदक जीता

- आयोजन – ब्यूनस आयर्स, अर्जेंटिना
- स्पर्धा – 10 मी. एयर रायफल मिश्रित टीम स्पर्धा
- भारतीय टीम चीन के सोंग बुहान और वांग जिफेई से फाइनल में हार गई।

## ऑस्कर 2028 में स्टंट डिजाइन की नई श्रेणी जोड़ी जायेगी

- नई श्रेणी – 2028 में आयोजित होने वाले 100 वें ऑस्कर समारोह में 'सर्वश्रेष्ठ स्टंट डिजाइन' नामक नई श्रेणी की शुरुआत की जाएगी।
- लागू – उन फिल्मों के लिए लागू होगी जो वर्ष 2027 में रिलीज होगी।

## भारत ने सिएरा लियोन में दिव्यांगजनों के शक्तिकरण हेतु सहायता प्रदान की

- सहायता – भारत – संयुक्त राष्ट्र विकास साझेदारी कोष के अन्तर्गत $ 990,000
- परियोजना शीर्षक – 'सिएरा लियोन में विशेष रूप से सक्षम व्यक्तियों के लिए आर्थिक आत्मनिर्भरता सक्षम करना।'
- भारत – संयुक्त राष्ट्र विकास साझेदारी कोष –
  - स्थापना – जून 2017 में भारत सरकार द्वारा।
  - कुल प्रतिबद्ध राशि – $ 150 मिलियन
  - कार्यक्षेत्र – 65 देशों में 86 परियोजनाओं को समर्थन।

## मॉरीशस ISA कंट्री पार्टनरशिप फ्रेमवर्क पर हस्ताक्षर करने वाला पहला अफ्रीकी देश बना

- वैश्विक स्तर पर – ऐसा करने वाला चौथा देश है। (पहले तीन – बांग्लादेश, भूटान, क्यूबा)
- CPF – ISA द्वारा विकसित एक दीर्घकालिक रणनीतिक दस्तावेज है जो सदस्य देशों के साथ मध्य और दीर्घकालिक उर्जा सहयोग की दिशा तय करता है।

## विश्व पार्किंसन दिवस

- प्रतिवर्ष – 11 अप्रैल को मनाया जाता है।
- उद्देश्य – डॉ. जेम्स पार्किंसन को समर्पित, जिन्होंने 1817 में इस रोग का वर्णन किया था।
- पार्किंसन – एक न्यूरोलॉजिकल स्थिति है जिसमें शरीर की मांसपेशियों में अनैच्छिक कंपन होता है।

## ब्रेकथ्रू पुरस्कार 2025

- 11 वां संस्करण – 5 Apr. 2025 को सांता मोनिका, कैलिफोर्निया में आयोजित हुआ।
- विज्ञान में असाधारण योगदान हेतु दिया जाता है, 'साइंस का ऑस्कर' कहा जाता है।
- शुरुआत – 2013 में मार्क जकरबर्ग और प्रिसिला चान सहित अन्य संस्थापकों द्वारा।

| श्रेणी | विजेता | योगदान / अनुसंधान क्षेत्र |
|---|---|---|
| • जीवन विज्ञान<br>वजन घटाने वाली दवाओं पर शोध | डेनियल जे. ड्रकर, जोएल हैबेनेर, जेन्स होल्स्ट, लोटे बिएरे क्नुडसेन, स्वेतलाना मोज्सोव। | GLP-1 हार्मोन की खोज व विश्लेषण; ozempic और Wegovy जैसी दवाओं के विकास में सहायक। |
| मल्टिपल स्क्लेरोसिस (MS) पर शोध | अल्बर्टो अशेरियो, स्टीफन एल. हॉसर | MS में B सेल्स की भूमिका उजागर की और इसे एपस्टीन-बार वायरस से जोड़ा। |
| जीन-संपादन तकनीक | डेविड आर. लियु | बेस एडिटिंग और प्राइम एडिटिंग तकनीकों का विकास किया। |
| • मूलभूत भौतिकी | CERN की 4 परियोजनाओं (ALICE, ATLAS, CMS, LHCb) के 13,508 वैज्ञानिक | हिग्स बोसोन, स्ट्रॉन्ग न्यूक्लियर फोर्स और मौलिक कणों पर शोध। |
| • गणित | डेनिस गाइट्सगोरी | जियोमेट्रिक लैंगलैंड्स अनुमान को सिद्ध किया |
| • न्यू होराइजन्स पुरस्कार | 8 उभरते शोधकर्ता | गणित और भौतिकी में उभरती प्रतिभाओं को $ 100,000 के 6 पुरस्कार। |
| • मरियम मिर्ज़ाखानी न्यू फ्रंटियर्स पुरस्कार | 3 महिला Phd. गणितज्ञ | महिला गणितज्ञों को $ 50,000 के 3 पुरस्कार जो हाल ही में Phd. पूरी कर चुकी हैं। |

# राजस्थान परिदृश्य

## प्रशासनिक इकाइयों में सुधार के लिए ललित पंवार की अध्यक्षता में समिति गठित

- समिति – राज्य प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन सलाहकार समिति।
- कार्य – राजस्व के क्षेत्र में इकाइयों के पुनर्गठन से जुड़ी अनुशंसाएं।
- इसके तहत राजस्व गाँव, उपतहसील व तहसीलों का पुनर्गठन होगा।
- कार्यकाल – 6 माह।
- सदस्य – प्रमुख सचिव, राजस्व मंडल रजिस्ट्रार और पूर्व RAS राजनारायण शर्मा।

## विनय कुमार को राजस्थान का मुख्य नगर नियोजक बनाया गया

- पूर्व पद – जयपुर विकास प्राधिकरण के निदेशक (आयोजना) थे।

## रामगढ़ बांध का जीर्णोद्धार कार्यों का शिलान्यास

- शिलान्यास – जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत ने 11 अप्रैल को।
- रामगढ़ बांध को राम जल सेतु लिंक परियोजना में जोड़ा गया है। निम्न कार्य होंगे–
  - रामगढ़ बांध की पाल पर बनी 2 Km. क्षतिग्रस्त रोड़ की मरम्मत।
  - पाल पर पैरावैट वॉल का निर्माण कार्य।
  - ऐतिहासिक गुम्बद छतरी की मरम्मत और सौन्दर्यकरण।
  - कंट्रोल रूम के क्षतिग्रस्त भवन की मरम्मत और सौन्दर्यकरण।
- ईसरदा बांध से रामगढ़ बांध तक पानी लाने का अलाइनमेंट तय हो चुका हैं।

## रणजीत गुर्जर

- कंबोडिया में आयोजित वर्ल्ड पैरा थ्रो बॉल चैंम्पियनशिप में करौली के दिव्यांग खिलाड़ी रणजीत गुर्जर ने कांस्य पदक जीता।

## आशीष गुप्ता NTA के संयुक्त निदेशक होंगे

- राजस्थान कैडर के IAS, केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर NTA का संयुक्त निदेशक बनाया गया।

## सुरेंद्र सिंह गुर्जर खेलो इंडिया यूथ गेम्स में ज्यूरी के मेम्बर बने

- आयोजन- मई 2025 में बिहार में।
- तीरंदाजी स्पर्धाएं- 4-7 मई तक भागलपुर में।
- भारतीय तीरंदाजी द्वारा चयनित 3 सदस्य जूरी- सुरेंद्र सिंह गुर्जर (राजस्थान तीरंदाजी संघ के महासचिव), कृष्णा घटक (बंगाल), मनोज कुमार (बिहार)।

## वत्सल मेहता ने 68 वें स्कूल नेशनल गेम्स में वेटलिफ्टिंग में स्वर्ण पदक जीता

- आयोजन- SGFI द्वारा मणिपुर में आयोजित।
- वर्ग- अंडर-17 आयु वर्ग।
- वेटलिफ्टिंग- 81 kg. भार वर्ग में स्नैच में 115 kg. व क्लीन एंड जर्क में 148 kg. उठाया।

## कैडेट यूरोपियन कप जूडो राजस्थान के 2 खिलाड़ी शामिल

- आयोजन- जार्जिया की राजधानी त्बिलिसी में 12-13 Apr. 2025 तक।
- खिलाड़ी- तानिया राठौर (40 kg.), बबनूर सिंह बराड़ (100 kg.)

## दूसरा खेलो इंडिया वूमेन नेशनल रैंकिंग तीरंदाजी टूर्नामेंट

- आयोजन- 18-19 April 2025 को जयपुर में।
- आयोजक- राजस्थान तीरंदाजी संघ।


CIVIL SERVICES DAY के अवसर पर बढ़ाएँ प्रशासनिक सेवा की ओर कदम...
Samyak
An Institute For Civil Services
Presents
CSO
CIVIL SERVICES OLYMPIAD
IAS
RAS
की तैयारी के लिए 100% तक स्कॉलरशिप पाने का स्वर्णिम अवसर
YOU MAY GET
1st PRIZE
BIKE + 100% SCHOLARSHIP
UPTO 100% SCHOLARSHIP
2nd PRIZE
LAPTOP+ 90% SCHOLARSHIP
3rd-5th PRIZE
MOBILE+ 80% SCHOLARSHIP
TO ALL PARTICIPANTS
NCERT नींव निर्माण COURSE ₹10000 FREE
Certificate of Appreciation
MINIMUM 25% SCHOLARSHIP
IAS/RAS PRE & MAINS SOLVED PAPERS BOOKLET FREE
रजिस्ट्रेशन शुल्क ₹51
SCAN QR FOR REGISTRATION
SYLLABUS
NCERT OF 9th & 10th : SOCIAL STUDIES, SCIENCE & TECH.
NCERT OF 11th : INDIAN CONSTITUTION
CURRENT AFFAIRS : OCT. 2024 - MAR. 2025
परीक्षा की तिथि 20th APRIL
परीक्षा का समय 10:00 AM-11:30 AM
रजिस्ट्रेशन के लिए मिस कॉल भी कर सकते है
9785722722
www.civilservicesolympiad.com
परीक्षा केंद्र
1. जयपुर, 2. भरतपुर, 3.सीकर, 4.शाहपुरा, 5. झुंझुनूं, 6. उदयपुर,
7. दौसा, 8. अजमेर, 9. चुरू, 10. नागौर, 11. श्री गंगानगर, 12. गंगापुर सिटी,
13. जोधपुर, 14. बीकानेर,15. कोटा, 16. पावटा
H.O. NEAR RIDDHI - SIDDHI, JAIPUR 9875170111

Samyak

An Institute For Civil Services

# THANK YOU

Click Here to Join us on:

YouTube

Instagram

Telegram